भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या **3733**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 11 अगस्त, 2023/20 श्रावण, 1945 (शक) को दिया जाना है।

नैनो यूरिया का उत्पादन और मांग

3733. श्री राजेश नारणभाई चुड़ासमा:
डॉ. निशिकांत दुबे:
श्री मनोज तिवारी:

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत पांच वर्षों के दौरान यूरिया के आयात में वृद्धि हुई है/कमी आई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार नैनो यूरिया को व्यापक पैमाने पर प्रस्तुत करने की योजना बना रही है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है;
(ड.) देश में नैनो यूरिया के वर्तमान उत्पादन और मांग का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(च) क्या सरकार किसी अन्य देश को नैनो यूरिया का निर्यात कर रही है; और
(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री

(भगवंत खुबा)

(क) और (ख): पिछले पांच वर्षों के दौरान सरकारी खाते से किया गया यूरिया का आयात नीचे तालिका में दिया गया है:-

वर्ष	**मात्रा (लाख एमटी में)**
2018-19	74.81
2019-20	91.23
2020-21	98.28
2021-22	91.36
2022-23	75.80

उपर्युक्त तालिका से यह देखा जा सकता है कि वर्ष 2020-21 से यूरिया का आयात लगातार कम हो रहा है।

(ग) और (घ): कृषि और किसान कल्याण विभाग (डीएएण्डएफडब्ल्यू) ने उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 में नैनो यूरिया को नैनो नाइट्रोजन उर्वरकों के रूप में अंनतिम रूप से अधिसूचित किया है। तत्पश्चात इफको द्वारा कलोल (उत्पादन क्षमता 500 एमएल की 5 करोड़ बोतल प्रतिवर्ष), फूलपुर (उत्पादन क्षमता 500 एमएल की 5 करोड़ बोतल प्रति वर्ष) तथा आंवला (उत्पादन क्षमता 500 एमएल की 5 करोड़ बोतल प्रतिवर्ष) में तीन नैनो यूरिया संयंत्र संयंत्र स्थापित किए गए हैं।

भारत सरकार नैनो यूरिया संयंत्रों की स्थापना में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं है। तथापि, इसने अपने पीएसयू नामत: नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) तथा राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड को नैनो यूरिया संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया है। वर्ष 2024-25 तक 8 नैनो यूरिया संयंत्रों के माध्यम से उत्पादन क्षमता के 44 करोड़ बोतलें (500 एमएल प्रत्येक) प्रतिवर्ष तक पहुंचने की उम्मीद है।

(ड.): यूरिया के उत्पादन तथा बिक्री का राज्य वार ब्यौरा **अनुलग्नक-क** पर संलग्न है।

(च) तथा (छ): उर्वरक विभाग ने इफको को श्रीलंका, नेपाल, सूरीनाम, केन्या, फिलीपींस, मलेशिया, मेक्सिको, मालदीव, सिंगापुर, म्यांमार, कनाडा, यूएई, नाइजीरिया, यूएसए, दुबई, उज्बेकिस्तान, कुवैत, मारीशस, कोलंबिया, जॉर्डन, डेनमार्क, जम्बिया, ब्राजील, कोस्टारिका, मलावी तथा मोजाम्बिक जैसे देशों के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय क्रेताओं को नैनो यूरिया (तरल) उर्वरकों का निर्यात करने के लिए अनुमति दे दी है।

******

अनुलग्नक-क

2021-22, 2022-23 तथा 2023-24 के दौरान नैनो यूरिया (तरल) उर्वरक का राज्य-वार उत्पादन तथा बिक्री

(मात्रा 500 एमएल की लाख बोतलों की संख्या में)

उत्पादन

राज्य	नैनो उर्वरक संयंत्र का नाम	अगस्त 2021 से मार्च 2022 तक	अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक	अप्रैल 2023 से 18 जुलाई 2023 तक
गुजरात	इफको कलोल	290	375.44	0.38
उत्तर प्रदेश	इफको फूलपूर	-	47.67	20.29
उत्तर प्रदेश	इफको आंवला	-	52.01	20.50
कुल		**290**	**475.12**	**38.47**

बिक्री

राज्य	अगस्त 2021 से मार्च 2022 तक	अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक	अप्रैल 2023 से 18 जुलाई 2023 तक	कुल
आंध्र प्रदेश	5.80	4.80	0.20	10.80
असम और पूर्वोत्तर	4.39	6.09	1.61	12.09
बिहार	14.84	28.56	2.55	45.95
छत्तीसगढ़	5.23	11.02	1.09	17.34
गुजरात	8.75	17.60	1.53	27.88
हरियाणा और दिल्ली	16.29	12.69	0.94	29.93
हिमाचल प्रदेश	1.50	1.27	0.16	2.93
जम्मू और कश्मीर	2.01	3.00	0.75	5.76
झारखंड	1.55	3.66	0.46	5.68
कर्नाटक	8.18	19.64	2.23	30.06
केरल	1.00	1.20	0.12	2.32
मध्य प्रदेश	16.12	23.38	1.18	40.68
महाराष्ट्र और गोवा	16.51	25.04	2.75	44.30
ओडिशा	4.18	11.21	3.26	18.65
पंजाब	17.77	22.71	3.23	43.71
राजस्थान	15.02	25.23	3.12	43.37
तमिलनाडु	12.07	10.02	0.84	22.93
तेलंगाना	5.87	6.00	0.95	12.82
उत्तर प्रदेश	40.63	63.52	4.41	108.56
उत्तराखंड	1.40	2.34	0.55	4.29
पश्चिम बंगाल	13.02	26.36	1.31	40.69
भारत में कुल बिक्री	**212.13**	**325.35**	**33.25**	**570.73**

****